आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 21.05.2025

मुख्य समाचारः–

1– नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सत्ताईस माओवादी मारे गए–मरने वालों में एक करोड़ रूपये का इनामी शीर्ष नक्सली नेता बसव राजू भी शामिल।

2– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों की इस सफलता को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

3– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशनों सहित देश के एक सौ तीन पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

4– मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की से मध्यम वर्षा।

माओवादी मुठभेड़

छत्तीसगढ़ में आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सत्ताईस माओवादी मारे गए हैं। मरने वालों में शीर्ष नक्सली नेता और सीपीआई माओवादी संगठन का महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू भी शामिल है। उस पर करीब एक करोड़ रूपये का इनाम घोषित था। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से मारे गए सभी माओवादियों के शव के साथ बड़ी संख्या में एके–फोर्टीसेवन, एसएलआर और कार्बाइन जैसे हथियार और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई हैं। इस मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। वहीं, कुछ जवान घायल हुए हैं, जिन्हें बीजापुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर है।

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के सदस्य के साथ ही बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने पर चार जिलों – नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की टीमों ने करीब दो दिन पहले संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इस इलाके की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने इस निर्णायक अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया। इसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बलों को एक शीर्ष नक्सली नेता सहित सत्ताईस माओवादियों को मार गिराने में कामयाबी मिली है। इस इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

सुरक्षा बलों की इस सफलता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने लिखा है कि नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि सुरक्षा बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू सहित सत्ताईस माओवादियों को मार गिराया है। मैं इस सफलता के लिए सुरक्षा बल के जवानों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। श्री शाह ने एक बार फिर दोहराया कि केन्द्र सरकार, इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस से पहले देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

केंद्रीय गृह मंत्री के ट्वीट को री–ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा कि इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हमें सैन्य बलों पर गर्व है। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और लोगों के लिए शांतिपूर्ण तथा प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस अभियान में हमारे सुरक्षा बलों के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है।

मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे सूची में जिन हितग्राहियों के नाम हैं, उन सभी का आवास स्वीकृत किया जाएगा। श्री साय ने यह बात आज जशपुर जिले के ग्राम दोकड़ा में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दोकड़ा गांव में कॉलेज खोलने और मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांगों का समाधान किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घर की चाबी तथा नये आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किए। साथ ही हितग्राहियों को मुद्रा लोन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नए राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली जाल और आईस बॉक्स, मनरेगा जॉब कार्ड, व्हालीबॉल और क्रिकेट खिलाड़ियों को किट प्रदान किए।

मुख्यमंत्री–निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजस्व संबंधी समस्याओं के जल्द निराकरण करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। इसके लिए उन्होंने कलेक्टरों को दिन निर्धारित कर नियमित रूप से राजस्व न्यायालयों का संचालन करने को कहा है। श्री साय ने यह निर्देश कल दुर्ग जिला मुख्यालय में कवर्धा, बेमेतरा और दुर्ग जिले के अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सुशासन तिहार के दौरान अब तक उन्नीस जिलों का निरीक्षण कर समाधान शिविर में शामिल हुए हैं। श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए टीम वर्क के साथ काम करना ही सरकार की प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

अमृत भारत स्टेशन योजना

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बाईस मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से एक सौ तीन पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनो का उद्घाटन करेंगे। इनमें छत्तीसगढ़ के पांच स्टेशन भी शामिल हैं। प्रदेश के जिन स्टेशनों का कल उद्घाटन होगा, उनमें बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल के अंतर्गत उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल के अंतर्गत डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं। हर स्टेशन पर स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिल रही है।

हमारे अंबिकापुर संवाददाता आलोक शुक्ला ने बताया कि अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

वहीं, कांकेर संवाददाता विजय पांडेय ने बताया कि भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन का आठ करोड़ उनतीस लाख रूपये से पुनर्विकास किया गया है, जिसका फायदा यात्रियों को मिलेगा।

गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित इन स्टेशनों में भव्य प्रवेश द्वार, हाईमास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। वहीं, प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं।

भू–जल संवर्धन मिशन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भू–जल संवर्धन मिशन–शहरी का शुभारंभ किया। इस मिशन के तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भू–जल और वर्षा जल के संरक्षण–संवर्धन पर काम किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा बनाए गए भू–जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन कर वीडियो लॉन्च किया। उन्होंने राज्य के नौ नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत अट्ठारह कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

प्री–डीएलएड / प्री–बीएड

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा सरकारी और निजी संस्थानों में प्रवेश के लिए प्री–डीएलएड और प्री–बीएड परीक्षा कल बाईस मई को होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए गए निर्धारित केन्द्रों में प्री–बीएड की परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक होगी। वहीं, प्री–डीएलएड की परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम सवा पांच बजे तक चलेगी। इन प्रवेश परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। पात्र उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में आज से दक्षिण–पश्चिम मानसून सक्रिय हो गया है।
फिलहाल मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। इस बीच, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट में अगले छत्तीस घंटे के दौरान एक चक्रवात बनने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कल बाईस मई को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

– प्रदेश के अस्पतालों में सात विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने आदेश जारी कर दिए हैं।

– छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आज रायपुर में ''मोर मयारू गुरूजी'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर जिले के सतहत्तर शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान बाल अधिकारों के संरक्षण, बच्चों के मानसिक विकास और शिक्षकों की भूमिका पर विचार–विमर्श हुआ।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>